This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

194

**B.Com. (बी.कॉम.) /I** **D**

Paper V—HINDI (B)

प्रश्न-पत्र V—हिंदी (ख)

(भाषिक प्रयोग एवं क्षमता, संप्रेषण-क्षमता, काव्य-संकलन, गद्य संकलन, द्रुतवाचन इत्यादि)

(प्रवेशवर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

*Note* :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. 'A'). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB at the time of posting of awards for compilation of result.

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

खण्ड वाले प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।

P.T.O.

1. (क) किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 4

*(i)* राष्ट्रभाषा

*(ii)* संपर्क भाषा के रूप में हिंदी ।

(ख) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

कीर्ती, छत्रिय, दुश्कर, विराग्य, प्रमाणिक, कवित्री, प्रतिग्या, रचियता ।

(ग) किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

*(i)* वे दोनों में मित्रता है ।

*(ii)* दिल्ली में कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य है ।

*(iii)* मेरे को बाजार जाना है ।

*(iv)* मैंने अनेकों पुस्तकें पढ़ी हैं ।

(क) निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार लिखिए : 4

अध्ययन, अनभुव, चित्र, कट्टर, धारण, वस्तु, डाँटना, प्रचार ।

**अथवा**

एकभाषी कोश का परिचय दीजिए ।

(ख) बैंकों में हिंदी के प्रयोग की उपयोगिता पर विचार कीजिए । 4

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के हिंदी-प्रतिरूप लिखिए : 4

Ad hoc, Bearer, Mortgage, Bonafide, Deal, Verification, Insurance, Finance.

3. (क) स्ववृत्त की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 4

**अथवा**

मासिक किश्त चुकाने में अपनी असमर्थता का उल्लेख करते हुए बैंक अधिकारी को पत्र लिखिए ।

(ख) भेंटवार्ताकार की अपेक्षित योग्यताओं का उल्लेख कीजिए । 4

(ग) किसी **एक** पर आलेख प्रस्तुत कीजिए : 4

(*i*) सोशल मीडिया और युवा

(*ii*) महानगरों में यातायात जाम की समस्या

(*iii*) सर्वशिक्षा अभियान ।

4. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सोभित कर नवनीत लिए ।

घुटुरुनि चलत रेनु तन-मंडित, मुख दधि लेप किये ।

चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन-तिलक दिये ।

लट-लटकनि मनु मत्त मधुप-गन मादक मधुहिं पिए ।

कठुला-कंठ, बज्र केहरि-नख, राजत रुचिर हिए ।

धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए ॥

**अथवा**

छोटे-से जीवन में कितना प्यार करूँ, पी लूँ हाला,

आने के ही साथ जगत में कहलाया 'जानेवाला',

स्वागत के ही साथ विदा की होती देखी तैयारी,

बन्द लगी होने खुलते ही, मेरी जीवन-मधुशाला ।

(ख) निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

नहिं परागु नहिं मधुर मधु नहिं बिकासु इहि काल ।

अली, कली ही सौं बिंध्यौ, आगै कौन हवाल ॥

या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहिं कोई ।

ज्यौं ज्यौं बूड़ै स्याम रंग, त्यौं त्यौं उज्जलु होई ॥

(*i*) कली और भ्रमर का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) 'अनुरागी' शब्द का आशय लिखिए ।

5. "'भेड़िया' कविता शोषित-वर्ग को अपने अधिकारों के प्रति सचेत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है ?" समीक्षा कीजिए । 8

**अथवा**

'वह तोड़ती पत्थर' कविता की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

6. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

वह बड़ी देर तक मुँह ढाँपे अपनी दशा पर रोती रही । सारी रात इसी आत्मवेदना में कट गई । शरद का प्रभात डरता-डरता उषा की गोद से निकला, जैसे कोई कैदी छिपकर जेल से भाग आया हो । फूलमती अपने नियमों के विरुद्ध आज तड़के ही उठी, रातभर में उसका मानसिक परिवर्तन हो चुका था । सारा घर सो रहा था और वह आँगन

में झाड़ू लगा रही थी । रात की ओस में भीगी हुई पक्की जमीन नंगे पैरों में कांटों की तरह चुभ रही थी । पंडित जी उसे कभी इतने सवेरे उठने न देते थे । शीत उसके लिए बहुत हानिकारक थी । पर अब वह दिन नहीं । प्रकृति को भी समय के साथ बदल देने का प्रयत्न कर रही थी ।

**अथवा**

लाजो का मन और भी बिंध गया । कुछ ऐसा ख्याल आने लगा – इन्हीं के लिए तो व्रत कर रही हूँ और यह ही ऐसी रुखाई दिखा रहे हैं । ......... मैं व्रत कर रही हूँ कि अगले जन्म में भी 'इन' से ही ब्याह हो और इन्हें मैं सुहा ही नहीं रही हूँ । ......... अपनी उपेक्षा और निरादर से भी रोना आ गया !

(ख) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इस देश की प्रजा का अब वह सौभाग्य नहीं है । साथ ही किसी राजपुरुष का भी ऐसा सौभाग्य नहीं है, जो यहाँ की प्रजा के अकिंचन प्रेम को प्राप्त करने की परवा

करें । माई लार्ड अपने शासन-काल का सुन्दर-से-सुन्दर सचित्र इतिहास स्वयं लिखवा सकते हैं, वह प्रजा के प्रेम की क्या परवा करेंगे ? तो भी इतना संदेश भंगड़ शिवशम्भु शर्मा अपने प्रभु तक पहुँचा देना चाहता है कि आपके द्वार पर होली खेलने की आशा करने वाले ब्राह्मण को कुछ नहीं तो कभी-कभी पागल समझकर ही स्मरण कर लेना । वह अपनी गूँगी प्रजा का एक वकील है जिसके शिक्षित होकर मुँह खोलने तक आप कुछ करना नहीं चाहते ।

(*i*) उक्त पंक्तियों के पाठ व लेखक का नाम लिखिए । 2

(*ii*) लेखक ने अपने निबंध में किसकी नीतियों का विरोध किया है और कैसे ? 3

7. 'करवा का व्रत' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । 7

**अथवा**

गुँगिया का चरित्रांकन कीजिए ।

8. 'दिलो-दानिश' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×2=8

(*i*) छुन्ना बाई के मन की पीड़ा क्या थी ?

(*ii*) मासूमा की शादी की क्या शर्त थी ?

(*iii*) महक बानो अपनी माँ के बारे में क्या सोचती है ?

(*iv*) कृपानारायण कौन है ? और उसका व्यवसाय क्या है ?

(*v*) कुटुम्ब प्यारी के जीवन में क्या घुटन थी ?

**अथवा**

'जिस लाहौर नइ देख्या ओ जम्याइ नइं' नाटक के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) सब रतन की अम्मा को 'माई' क्यों कहते हैं ?

(*ii*) हमीदा बेगम की **दो** चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

(*iii*) रतन की अम्मा ने अपना घर क्यों नहीं छोड़ा ?

(*iv*) उक्त नाटक में व्यक्त साम्प्रदायिक-सौहार्द को बढ़ावा देने वाली किसी **एक** घटना का उल्लेख कीजिए ।

(*v*) नासिर काज़मी कौन है ? उसकी भूमिका क्या है ?